शराब ठेके से परेशान गांववासियों ने मांगी गुलाबी गैंग से मदद

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। तामिया ब्लॉक के ग्राम चावलपानी में कम्पोजिट मदिरा दुकान को ग्राम से बाहर करने के लिए सरपंच द्रोपती ने कल 21 जून 2025 को गुलाबी गैंग को चावलपानी बुलाया। उन्होंने प्रस्ताव दिया जिसमे सरपंच ने बताया की ग्राम की महिलाएं एवं बेटिया बीच गांव में बने शराब के ठेके से परेशान हैं।

शराब के ठेके के पास हैंडपंप हैं जिसमें महिलाएं पानी भरने जाती हैं। आये दिन शराबियो के ताने सुनती हैं। इन सभी अमानविक घटनाओं से परेशान होकर सरपंच ने लिया गुलाबी गैंग का सहारा।

पूर्व में ग्राम पंचायत चावलपानी से आबकारी विभाग एवं पूर्व ठेकेदार को शराब दुकान हटाने को प्रस्ताव दिया गया था परन्तु उस पर कोई कारवाही नहीं हुई। आज ग्राम पंचायत चावलपानी में आये गुलाबी गैंग से साथ सरपंच द्रोपती उईके उप सरपच भगवानदास गुप्ता, जनपद सदस्य देवी पटेल, देवी उईके एवं भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

योग संगम में सामूहिक योगाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सांसद के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की भावना पर आधारित ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को जिले भर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला प्रशासन के तत्वावधान में योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह जिला ओलंपिक स्टेडियम ग्राउंड छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा-पांढुर्णा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू उपस्थित थे। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय, जिला पंचायत सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

योग दिवस पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि हमें योग को अपनी जीवन शैली बनाना चाहिए। योग जीवन के प्रत्येक क्षण को प्रभावित करता है। योग करने वाला व्यक्ति सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया।

वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का भोपाल से सीधा प्रसारण भी उपस्थित जन समुदाय ने देखा। उद्बोधन के उपरांत योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी अतिथियों, उपस्थित गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सामूहिक योगाभ्यास किया। आयोजन का प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल ने प्रस्तुत किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों को योग के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए थे, जो आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों और युवाओं ने रुचि पूर्वक सेल्फी निकलवाई और योग को अपनाने का सन्देश दिया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय समारोह को सफल बनाने में प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, ए.एस.पी. आयुष गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय, एस.डी.एम. छिंदवाड़ा सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल, जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला यावतकर, जिला खनिज अधिकारी रविन्द्र परमार, जिला आबकारी अधिकारी अजीत इक्का, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी (एन.आई.सी.) राजहंस गोडाने और जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस अतुल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवं प्रयासों का सराहनीय योगदान रहा।

योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार] गायत्री परिवार, महर्षि पतंजलि योग संस्थान, जिला योग समिति तथा रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ने अपना उल्लेखनीय योगदान दिया। मीडिया के साथियों का भी अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ।

आयोजन में सहायक संचालक शिक्षा डी.पी. डेहरिया व पी.एल. मेश्राम, प्राचार्य अवधूत काले, प्रताप शाह ईवनाती, जिला क्रीड़ा अधिकारी, योग प्रशिक्षकगण, खेलकूद शिक्षकों, एन.सी.सी., एन.एन.एस. के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र दुबे और श्रीमती वाणी शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी को समेकित स्वल्पाहार का वितरण किया गया।

सार समाचार

चांद कालेज में विश्व योग दिवस समारोह आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शासकीय महाविद्यालय चांद में विश्व योग दिवस पर योग भविष्य की सांस विषय पर आयोजित व्याख्यान में चांद नगर परिषद के अध्यक्ष दान सिंह ठाकुर ने अपने वक्तव्य में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्मिक कौशल से चित्त वृत्ति निरोध युक्त मन ही योग है। योग अंतस की अनंत गहराइयों में प्रवेश करने की संजीवनी है। योग हर क्षण में उपस्थित होकर जीवन में सतत अभ्यास से आत्मिक विकास हेतु एकाग्रता, स्थिरता व संतुलन की स्थिति प्राप्त करने का हेतु है।

प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि योग वाह्य चीजों से हटकर भीतर की ओर मुड़ने का माध्यम है। योग स्वयं की संभावनाओं को शीर्ष पर ले जाने का आत्मानुसंधान है। योग दिवस समारोह संयोजक क्रीड़ाधिकारी प्रो. जी.एल. विश्वकर्मा ने कहा कि योग कलयुग में ऋषि युग के सूत्रपात की सक्षम विधि है। प्रो. लक्ष्मण उइके ने कहा कि योग शीर्ष नैतिक गांभीर्य से व्यष्टि से समष्टि में की ओर जाने की यात्रा है। प्रो. राजकुमार पहाड़े ने कहा कि योग से सत्य विस्तार पाता है। प्रो. सकरलाल बट्टी ने कहा कि योग अंदर के रावण को वाह्य निकालने का रामकर्म है। आनंद रजक ने कहा कि जो लाइलाज है, उसका शर्तिया इलाज योग में है। छात्र छोटू साहू ने कहा कि योग तरक्की की आंधी में हैरान बैचेन आदमी की खता की दवा है।

जिले में 69.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 69.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 75.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 21 जून 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 6.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 21 जून 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 11.2, तामिया में 01, अमरवाड़ा में 2.2, चौरई में 16.4, हर्रई में 6.4, बिछुआ में 20, परासिया में 1.5, जुन्नारदेव में 5.4, चांद में 4.6 और उमरेठ में 4.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 76.4, मोहखेड़ में 67.1, तामिया में 72, अमरवाड़ा में 67.6, चौरई में 55.6, हर्रई में 95, बिछुआ में 49, परासिया में 58.1, जुन्नारदेव में 48.2, चांद में 77 और उमरेठ में 99.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

हिन्दी प्रचारिणी समिति की वार्षिक सामान्य सभा आज

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। हिन्दी प्रचारिणी समिति की 89 वी वार्षिक सामान्य सभा की बैठक आज 22 जून 2025 दिन रविवार को सायं4 बजे समिति के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। समिति के अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता ने समिति के सभी आजीवन सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

कैसे कम होगा स्कूल बैग का बोझ, चौथी की किताब ही 500 पन्नों से अधिक

गाडरवारा, देशबन्धु। सरकारी स्कूलों में प्राथमिक स्तर के बच्चों पर किताबों का बोझ लादा जा रहा है। ये बच्चे पाठ्यक्रम की पुस्तकों के साथ ही मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता की पुस्तकें भी पढ़ रहे हैं। पूरे कोर्स की किताबों का वजन चार से पांच किलो तक हो रहा है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लागू की गई स्कूल बैग पॉलिसी 2020 में पहली से पांचवीं तक 1.6 से 2.5 किलो तक का ही स्कूल बैग का वजन होना चाहिए। चौथी कक्षा की हिंदी की पुस्तक का वजन एक किलो 100 ग्राम है। चौथी कक्षा में कुल आठ पुस्तकों का बोझ बच्चों को उठाना होगा। हाल फिलहाल प्राथमिक स्कूलों में कक्षावार ये किताबें पहुंचने लगी हैं।

डीडीसी कॉलेज में कराया प्राणायाम

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जीवन में स्वस्थ रहने के मनुष्य को प्रतिदिन सुबह योग, ध्यान, प्राणायाम का अभ्यास नियमित रूप से करना चाहिए। इसी उद्देश्य से डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा जिला रेडक्रास सोसायटी छिंदवाड़ा एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के सभागार में योग ध्यान प्राणायाम का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

विश्व योग दिवस 2025 की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ है। यह थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के वैश्विक विचार को बढ़ावा देती है, जिसका अर्थ है कि स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे ग्रह और हम सभी की सेहत आपस में जुड़ा हुआ। कार्यक्रम में जिला रेडक्रास सोसायटी छिंदवाड़ा के सचिव डॉ. एस.एस. ब्राउन, संस्था की प्राचार्य प्रो. एस. हाबिल, डॉ. सरिता सिंह, विनोद वर्मा, दिनेश उपस्थित रहे। एन.एस. एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफ्ड़े के मार्गदर्शन में योग शिक्षिका जयश्री घोड़े द्वारा विश्व योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल का अभ्यास उपस्थित गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राओं को कराया गया।

विदित हो कि यह शिविर 19 से 21 जून 2025 तक चलाया गया, उपस्थित छात्र छात्राओं को करें योग रहे, निरोग सभी से आव्हान कर जागरूक किया गया है। उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को रेडक्रास सोसायटी छिंदवाड़ा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ में योग शिक्षिका जयश्री घोड़े का शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने महाविद्यालय के प्राध्यापकगण समस्त कमचारियों एवं हर्ष गुप्ता, विशाल काकोडिया, कु. दीपा मालवीय, एन.एस.एस. के वरिष्ठ छात्र नितिन गडकरी, चंचलेश वमा, अजय इरपाची का विशेष योगदान रहा।

गुरुकुल सहित सैकड़ों स्कूलों में किया योग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर विश्व भर में मानये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम जिले भर में रही। श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में जिले के सैकड़ों स्कूलों में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर साध्वी प्रतिमा बहन और साध्वी रेखा बहन ने बताया कि योग हमारी सनातन संस्कृति की हजारों वर्ष पुरानी परंपरा है। नियमित योग से मनुष्य स्वस्थ और प्रसन्न रहता है। कुंडली जाग्रत करने, ईश्वर प्राप्ति में भी योग सहायक होता हैं।

देश भर के 550 आश्रमो में प्रतिदिन सभी साधक योगासन का नियमित अभ्यास करते हैं, इसलिए सब निरोगी, स्वस्थ और दीर्घायु रहतें हैं। जिले के उच्च अधिकारियों के विशेष आग्रह पर गत 1 माह से लिंगा आश्रम की साध्वी बहने और समिति के भाई बहन आसपास के स्कूलों में शिक्षको को योग का प्रशिक्षण दे रहें हैं। उधर गुरुकुल में भी देशभर के 24 राज्यों के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने विधिवत योगाभ्यास किया। स्वस्थ रहने के लिए प्रत्येक मनुष्य को प्रतिदिन योग करना ही चाहिए।

यह सर्वविदित है कि कोरोना काल में लॉकडाउन में समिति के लोगों द्वारा जरूरतमंदों को राशन, सामग्री भेंट की और सरकारी कर्मचारियों, कोरोना योद्धाओं को चाय और छाछ वितरित की। नियमित योगाभ्यास के कारण सभी साधक कोरोना जैसी जानलेवा बीमारी में भी सुरक्षित रहे। कल लिंगा हायर सेकंडरी स्कूल में भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।

साध्वी बहनों ने मुख्य अतिथि, स्कूल स्टॉफ और सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ योग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य ललिता घोंग, सरपंच रूपेश कराड़े, अंत्योदय समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष विलास घोंगे प्राचार्य अल्पना अर्लीकट्टी उपस्थित थीं।

समस्त देवों के आगे झुकाया शीश, धर्मगुरूओं ने दिया आशीष

जिले में समारोह पूर्वक मनाया पूर्व सांसद नकुलनाथ का जन्मदिवस

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। राजीव कांग्रेस भवन छिन्दवाड़ा व नगर के विभिन्न क्षेत्रों व संस्थानों सहित सम्पूर्ण जिले के विभिन्न अंचलों में जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का जन्मदिन पूर्ण हर्षोल्लास व समारोह पूर्वक मनाया गया। ढोल, धमाल, आतिशबाजी व गगन भेदी नारों के बीच जन्मदिन के मंगल गीत गाकर सभी ने इस विशेष दिन के उत्सव का आनंद लिया।

नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना व दरगाहों पर चादर पेश करने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने गुरुद्वारा साहेब में अरज लगाई प्रात: कालीन आयोजनों में वृद्धाश्रम पहुंचकर कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने बुजुर्गों को भोजन कराया साथ ही नकुलनाथ की ओर से कुर्सियां प्रदान की गई। दोपहर 11:30 बजे से स्थानीय राजीव भवन में मुख्य समारोह का शुभारंभ हुआ। सभी धर्मों के धर्मगुरूजनों ने इस अवसर पर धर्मानुसार श्लोक, मंत्र, अरदास व आयतों के साथ प्रार्थनायें कर पूर्व सांसद नकुलनाथ की दीर्घायु, निरोगी व सदैव सेवा कार्य में जुटे रहने की परमपिता से प्रार्थना की।

धर्मगुरुओं की शुभाशीष के उपरांत जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व में एक राजनेता के रूप में ख्याति प्राप्त कमलनाथ के ज्येष्ठ पुत्र पूर्व सांसद नकुलनाथ आज अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुये जनसेवा से जुड़े हुये हैं, उन्होंने निर्णय कर लिया है कि वे जीवन भर छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के विकास व जनता की सेवा के लिए सतत कार्यरत रहेंगे। श्री ओकटे ने जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की ओर से नकुलनाथ को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

आयोजित कार्यक्रम को अशोक राजपूत, संतसिंग सेंगर, आनंद बक्षी, नजरूद्दीन खान, उर्मिला सिंग, शैलू मिश्रा, अजय पटेल, जय सक्सेना, राजू महाराज ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन नितिन उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन पप्पू यादव के द्वारा किया गया।

उदबोधन के उपरांत जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, एससी प्रकोष्ठ, नगर निगम के सभापति व पार्षदों सहित उपस्थित बंधुओं ने केक काटकर नकुलनाथ को संगीतमयी बधाई दी। कांग्रेसजन ने स्वभोज का आनंद लिया।

युवक कांग्रेस ने किया रक्तदान

पीड़ित मानवता की सेवा के लिये सदैव समर्पित रहने वाले नकुलनाथ का अनुसरण करते हुये युवक कांग्रेस के पदाधिकारी व सदस्यों ने युवक कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में रक्तदान-महादान के मूलमंत्र को दोहराया व अपने नेता नकुलनाथ के स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की।

सामाजिक कार्यक्रमों में अग्रणी जिला महिला कांग्रेस की सदस्यों ने राजीव कांग्रेस भवन से नकुलनाथ के दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए पवित्र तुलसी के पौधे का वितरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा पश्चिम उप ब्लॉक द्वारा शंकर मडिया महाराणा प्रताप चौक, उत्तर उप ब्लॉक ऊंट खाना चौक, दक्षिण उप ब्लॉक चंदनगांव बस स्टैंड, मध्य उप ब्लॉक द्वारा नकुलनाथ का जन्मदिन केक काटकर व आतिशबाजी कर मनाया।

कांग्रेस सेवादल ने किया पौधरोपण

कांग्रेस सेवादल के द्वारा स्टेडियम ग्राउंड पर केक काटा गया जिसके पश्चात शहर के वार्ड क्रमांक 47 में पौधरोपण किया गया। कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि कांग्रेस सेवादल के पांच उप ब्लॉकों में पदाधिकारियों के द्वारा नकुलनाथ के जन्मदिन पर पौधे रोपे गए।

नगर निगम अध्यक्ष सोनू मांगो की भूमिका महत्वपूर्ण

शहर छिन्दवाड़ा में नगर पालिक निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र उर्फ सोनू मांगो ने पूर्व सांसद नकुलनाथ के जन्मदिन मनाने में अहम भूमिका निभाई। केक काटने से लेकर केक लाने, शहर में होर्डिंग बोर्ड लगाने एवं हर कार्यक्रम में आगे होकर कार्य करने में धर्मेन्द्र सोनू मांगो की अहम भूमिका रही है। इस बार सोनू मांगो ने न केवल सांसद के जन्मदिन मनाने में अपितु शहर के हर वार्डो में नगर निगम के खिलाफ आंदोलन करने में सबसे आगे रहे और जनता को न्याय दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाना, पार्षद दल को एकजुट कर रखना, धरना, ज्ञापन भी आयोजित किया जिससे जनता में जागरूकता आई लेकिन शासन प्रशासन चुप रहा।

आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जों को रोके प्रशासन

अखिल गोंडवाना महासभा ने पत्रकारों को बताये जबरन जमीन कब्जे के मामले

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आदिवासियों पर अत्याचार और शोषण का मुद्दा लगातार गर्माता जा रहा है। इसे लेकर अब अखिल गोंडवाना महासभा भी सामने आई है। शनिवार को स्थानीय इंडियन काफी हाउस में पत्रकारों से चर्चा के दौरान अखिल गोंडवाना महासभा के जिला अध्यक्ष रमेश उईके ने कहा कि आदिवासियों की जमीन तेजी से कनवर्ट की जा रही हैं साथ ही जमीन पर कब्जे भी किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 10 खापाभाट में दबंग भूमाफिया के द्वारा खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.405 हेक्टेयर जमीन आदिवासी महिला विक्रेता श्रीबाई काकोड़िया पति रामभगत काकोड़िया निवासी ग्राम बोहता वार्ड 16 के नाम से क्रेता उषा उइके पति अनिल उइके के नाम से 88 लाख में खरदी गई और 50 लाख रुपये का भुगतान किया गया।

निश्चित अवधि के बाद कब्जा लेने के लिए लिखित रूप से वचन दिया, लेकिन अब दबंगों के द्वारा

श्रीबाई काकोड़िया की जमीन में आसामाजिक तत्वों के द्वारा गुंडई की जा रही है। करीब 40 से 50 लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही दबाव बनाया जा रहा है कि श्रीबाई स्वयं की शेष भूमि से 25 फीट चौड़ी रोड बनाने का दबाव बनाया जा रहा है।

साथ ही उन्होंने बताया कि आदिवासी की जमीन कन्वर्ट होने के मामले तेजी से बढ़े हैं। वहीं आदिवासियों पर अत्याचार के मामले बढ़े हैं। तामिया थाना क्षेत्र में 16 साल की नाबालिग आदिवासी समुदाय की बच्ची से गैर आदिवासियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

नवेगांव थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम निमोटी में भी 12 साल की आदिवासी बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। इसी प्रकार नीमढाना पोस्ट राजगुरू पिपरिया थाना व तहसील अमरवाड़ा एवं वर्तमान पालिटेक्निक खिरसाडोह की आदिवासी युवती के साथ बहला फुसलाकर शारीरिक शोषण किया गया। इसी प्रकार थाना चांद के अंतर्गत आने वाले ग्राम की आदिवासी पंप चलाने वाले व्यक्ति के साथ भी गैर आदिवासी दबंगों के द्वारा मारपीट की गई। दल विशेष की गैर आदिवासी महिला द्वारा आदिवासी की जमीन पर कब्जा कर अनेकों वर्षो से निवासी कर रही हैं और अपनी राजनैतिक पहुंच का फायदा उठा रही है।

साथ ही पड़ोस के आदिवासियों पर अतिक्रमण का झूठा आरोप लगा रही है। राजनैतिक दबाव के चलते राजस्व प्रशासन और निगम भी सीधे सादे आदिवासियों को ही प्रताड़ित कर रहा है।

शिक्षकों के तबादले में किया गया भेदभाव

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिन्दवाड़ा जिले में शिक्षको का तबादला प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के उपरांत किया गया है। लेकिन शिक्षको ने जिन स्थानों में स्थानांतरण की मांग की थी उस जगह न करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के तथाकथित अधिकारियों, बाबूओं तथा शहर के एक नामी गिरामी प्राचार्य के ईशारे पर मनमानी करते हुए ऐसे शिक्षको का स्थानांतरण कर दिया गया जिन्होंने जहां मांगा ही नहीं था।

मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग एव जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से मांग की गई है कि शिक्षको का जो आवेदन था उसके अनुसार स्थानांतरण न करते हुए अन्यत्र किया गया है इसकी जांच की जाऐं, क्योंकि जहां शिक्षक मांगा ही नहीं और सांसद का अनुमोदन पत्र भी है उसके विपरीत कैसे स्थानांतरण कर दिया गया। परंतु जिसका स्थानांतरण होना चाहिए था ऐसे लोगों का नहीं हुआ।

एक प्राचार्य को हटाने और दूसरे को एक्सटेंशन नहीं देने की मांग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। लम्बे समय से पीड़ित और प्रताड़ित रहे दो प्राचार्यो से अनेक शिक्षकों ने गोपनीय तौर से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और प्रभारी मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ ए.डी.पी.सी. को जिले से हटाने की मांग की गई है क्योंकि वे लम्बे समय से पदस्थ है। इसी प्रकार विवादित और अनेक शिक्षको को परेशान करने वाले उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य अवदूत काले का 31 जुलाई को रिटायरमेंट है और उन्होंने एक्सटेंशन मांगा है। ऐसे विवादित प्राचार्य को एक्सटेंशन न दिया जाऐं की मांग की गई है अन्यथा एक शिक्षक ने उनके काले चिट्ठे खोलने की बात कही है।

सार समाचार

सेराजेम संचालक ने इलाज सामग्री देने के नाम पर सैकड़ों लोगों से राशि वसूली

परासिया, देशबन्धु। प्राकृतिक पांच सिद्धांतों पर आधारित मसाज, एक्यूप्रेशर, गर्मी एवं स्ट्रेचिंग के माध्यम से विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज करने के लिए नगर के विश्वकर्मा भवन के सामने सेराजेम कंपनी ने किराए का भवन लेकर इलाज कार्यक्रम शुरू किया। कंपनी ने शुरू में फ्री डेमो देकर सैकड़ो रोगियों का इलाज किया, जिसमें सबसे ज्यादा हड्डी रोगी के मरीज आते रहे। रोगियों में महिलाओं की संख्या काफी रही। फायदा होने पर कंपनी ने फिर रोगियों को घर में इलाज के लिए विभिन्न प्रकार की मशीन एवं सामग्री बेचना शुरू किया। शुरू में तो कंपनी ईमानदारी से काम करती रही लेकिन पिछले डेढ़ वर्षो से कंपनी ने फिर सामग्री बेचने के लिए ग्रुप बनाकर सैकड़ो लोगों से राशि ली, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बावजूद अब मरीजों को इलाज सामग्री नहीं मिल रही है, ना ही कंपनी रकम वापस कर रही है। क्षेत्र से बड़ी तादाद में आने वाले मरीज आए दिन इलाज सामग्री लेने के लिए बार-बार चक्कर काट रहे हैं। लेकिन कंपनी का संचालक एक तो विभिन्न प्रकार के बहाने बनाकर कार्यालय मैं नहीं आ रहा है, वहीं जब भी आता है तो आने वाले मरीजों से एक महीने या दो माह के भीतर इलाज सामग्री देने का आश्वासन देकर फिर गायब हो जाता है, लेकिन किसी को भी ना तो इलाज सामग्री मिल रही है ना ही रकम वापस मिल रही है। वहीं दूसरी और पता चला है कि कंपनी का संचालक जल्दी ही परासिया में कार्यालय बंद कर भागने की फिराक में है।

जानकारी के अनुसार परासिया में सेराजेम का कार्यालय 10 जनवरी 2012 से संचालित है। प्राकृतिक सिद्धांतों पर आधारित सेराजेम मशीनों के द्वारा सैकड़ो मरीजों का इलाज किया गया। पता चला कि फ्री डेमो देने के पीछे मशीन बेचना मुख्य उद्देश्य है। संचालक के द्वारा लाखों रुपए की मशीन भी बेची गई।

बड़कुही से काफी संख्या में महिलाएं इलाज करने के लिए लंबे समय तक सेराजेम जाती रही है। संचालक के द्वारा इन महिलाओं में से एक महिला को ग्रुप लीडर बनाकर उक्त महिला के माध्यम से बेल्ट के लिए राशि जमा करवाई गई लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद ना तो किसी महिला को बेल्ट मिला और न ही संचालक के द्वारा राशि वापस की जा रही है। महिलाओं के द्वारा बार-बार किराए की राशि खर्च कर परासिया आना पड़ रहा है। जबकि संचालक आए दिन कोई ना कोई बहाना करके कार्यालय में मौजूद नहीं रहता है। बड़कुही की एक महिला ने बताया कि उसमें बेल्ट के लिए 9 महिलाओं से 1250 के हिसाब से सेराजेम में राशि जमा की है। इसके अलावा इकलहरा की महिलाओं ने भी बेल्ट के लिए राशि जमा की है। महिलाओं ने बताया कि संचालक के पास 100 से ज्यादा लोगों ने राशि जमा की है, जो बार-बार परासिया आकर बेहद परेशान हो रहे हैं।

कुछ मरीजों ने बताया कि सेराजेम के संचालक ने बैतूल जिले के सारणी में नया कार्यालय खोल लिया है। जिसके कारण अब उसने परासिया में ध्यान देना बंद कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि संचालक परासिया में जल्दी ही कार्यालय बंद करने वाला है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि संचालक के द्वारा सैकड़ो लोगों से इलाज सामग्री देने के नाम पर लाखों रुपए की वसूली की गई है, आखिर उसका क्या होगा ? इस मामले को लेकर कुछ मरीजों का कहना है कि संचालक के द्वारा सीधे तौर पर धोखाधड़ी की गई है जिसके खिलाफ कार्यवाही होना चाहिए।

उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग के मुख्य लिपिक राजकुमार बंसोड़ को हटाने मांग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। समाजसेवी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मुकेश उपाध्याय ने मध्यप्रदेश शासन एवं जिला कलेक्टर से मांग की है कि उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाऐं विभाग में पदस्थ मुख्य लिपिक जो अनेक शाखाओं का कार्य देखते है और उप संचालक के काफी नजदीकी बताऐं जाते है ऐसे मुख्य लिपिक एवं लेखापाल के पद को सुशोभित करने वाले वर्षो से पदस्थ राजकुमार बंसोड़ को हटाऐं जाने की मांग की है। समाजसेवी ने कहा है कि उनके द्वारा जिले भर में किए जा रहे भ्रमण और डॉक्टरों को प्रताड़ित करने के प्रमाण उपलब्ध है जिसकी शिकायत मय दस्तावेज के लोकायुक्त कार्यालय एवं ई ओ डब्ल्यू. कार्यालय के साथ साथ भोपाल मुख्यालय में शीघ्र करेंगे की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

पिछड़ा वर्ग के पांच छात्र बने अग्निवीर

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिंदवाड़ा जिले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि यदि इच्छा शक्ति दृढ़ हो और संसाधनों का समुचित उपयोग हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता। म.प्र. शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास, छिंदवाड़ा में रहकर पढ़ाई कर रहे पांच मेधावी छात्रों ने अग्निवीर सेना भर्ती परीक्षा में सफलता अर्जित कर जिले और विभाग को गौरवान्वित किया है।

इन छात्रों में अंकित वर्मा, राजेश यदुवंशी, मोहन यदुवंशी, अंकित यदुवंशी एवं

अर्जुन यदुवंशी ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बलबूते यह उपलब्धि हासिल की है। छात्रावास में रहकर उन्होंने न सिर्फ अपनी शैक्षणिक यात्रा को दिशा दी, बल्कि सेना जैसी प्रतिष्ठित सेवा में जाने का सपना भी साकार किया।

इनकी सफलता उस नीति की जीवंत मिसाल है, जिसके तहत शासन द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को नि: शुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे जिला मुख्यालय स्थित महाविद्यालयों में अध्ययन कर अपने भविष्य को मजबूत बना सकें। यही योजना इन छात्रों के लिए मील का पत्थर बनी। इस उपलब्धि के लिए छात्रों ने अपने माता-पिता, गुरूजनों, परिजनों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन को श्रेय देते हुए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग संगीत देशमुख, छात्रावास अधीक्षक तुलाराम चौरे सहित पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य के दौरान बिहार से आए मजदूर की मौत

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में जुटे एक मजदूर की शुक्रवार देर शाम मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के सीतामढ़ी जिले निवासी 30 वर्षीय महेश शाह के रूप में हुई है, जो छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में कांच लगाने का कार्य कर रहा था और 20 सदस्यीय टीम का हिस्सा था। बताया जा रहा है कि वह पिछले दो दिनों से बीमार चल रहे थे और काम पर भी नहीं जा रहे थे।

कोतवाली निरीक्षक आशीष कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम महेश जब अपने रूम से निकलकर बाथरूम की ओर गए तो अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उनके साथ रह रहे अन्य मजदूरों ने तुरंत उन्हें कंपनी की एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

साथियों ने बताई तबीयत बिगड़ने की बात

महेश के साथ काम कर रहे मजदूर हरीश शहरवाल ने बताया कि वह बीते दो दिन से बीमार थे और कमरे में ही आराम कर रहे थे। शुक्रवार शाम जब हम काम से लौटे तो देखा कि कंपनी की एंबुलेंस उन्हें अस्पताल ले जा रही थी। हम भी तुरंत अस्पताल पहुंचे जहां उनके निधन की जानकारी मिली।

मेडिकल कॉलेज में निर्माण कार्य के लिए देश के विभिन्न राज्यों से मजदूर पहुंचे हैं। लेकिन महेश शाह की मौत ने मजदूरों की स्वास्थ्य सुविधाओं और देखरेख को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या बीमार मजदूर को पहले ही बेहतर इलाज मिल जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी।

पुलिस ने मृतक का शव जिला अस्पताल की मॉर्चरी में रखवाया है और कल शनिवार 21 जून को पोस्टमार्टम किया गया इसके पूर्व परिजनों को सूचना दे दी गई है।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज में निर्माण कार्य चल रहा है जो निर्माण एजेंसी पी आई ओ है और ठेकेदार कार्य करवा रहे है लेकिन मजदूरों की तरफ ध्यान नहीं।

जनपरिषद समारोह में दुबई की मॉडल ने किया सम्मानित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। समाजसेवा की मिसाल पेश करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था जन परिषद अपने सकारात्मक एवं सेवाभावी कार्यों से पहचानी जाती है शिक्षा, स्वास्थ्य समाज उत्थान, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य को विषयों पर कार्य करने वाली सक्रिय संस्था जन परिषद के छिंदवाड़ा चेप्टर के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन होटल अनपूर्णा में किया गया।

मुख्य अतिथि दुबई की इंटरनेशनल मॉडल फेस ऑफ़ आबू धाबी का खिताब से नवाजी गई माडल एवम एक्ट्रेस विद्या जोशी पटेल के हस्ते जिले में अलग अलग क्षेत्रों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव, प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव, महाकौशल प्रांत के संयोजक गोविंद चौरसिया, जन परिषद के छिंदवाड़ा चेप्टर के अध्यक्ष विनोद तिवारी, श्रीमती बजाज, सचिव डॉक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा सहित शहर के प्रतिष्ठित जन उपस्थित थे।

छिंदवाड़ा पहली बार पधारी अंतर्राष्ट्रीय मॉडल फेस का अबू धाबी विद्या जोशी पटेल का गर्म जोशी के साथ सभी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुबई से आई अंतर्राष्ट्रीय माडल विद्या जोशी पटेल ने छिंदवाड़ा जिले की खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा की आपका छिंदवाड़ा बहुत खूबसूरत है और यह रहने वाले लोग भी उतने ही उत्साही ऊर्जावान है आप सभी अलग-अलग विद्याओ

अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों को मिला सम्मान

में निपूर्ण है आप सभी एक अंबेला के नीचे आ जाए तो एक सशक्त टीम बनकर और बेहतर कार्य कर सकते है।

उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद की गतिविधियां सकारात्मक एवम रचनात्मक दृष्टिकोण से अनोखी सेवा कर रही है यह अपने आप में ही एक अनूठी मिसाल है इससे जुड़कर हम सभी गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने सभी समाजसेवियों को उनके कार्यों के लिए शुभकामाऐं प्रेषित की।

सम्मान समारोह में सर्वप्रथम जन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने अपनी बात की शुरूआत दुष्यंत की पंक्ति कल देखोगे इसी बहाने कई मुसाफिर आएंगे, थोड़ी आंच बची रहने दो, थोड़ा धुआं निकालने दो, कल देखेंगे इसी बहाने कई मुसाफिर आएंगे।

दुष्यंत की इस पंक्ति को उद्धृत करते हुए रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि जन परिषद पूरे देश में 375 चेप्टर सक्रिय रूप से काम कर रहे है। छिंदवाड़ा चेप्टर भी आप जैसे ऊर्जावान साथियों की अच्छी सोच के साथ समाज उत्थान के कार्य में लगा हुआ है।

कार्यक्रम में जन परिषद के प्रांतीय सचिव गोविंद चौरसिया ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छिंदवाड़ा में जन परिषद के सेवा भावी कार्यों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने दुबई से आई अंतर्राष्ट्रीय माडल विद्या जोशी पटेल का छिंदवाड़ा आने पर बुके देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में जन परिषद छिंदवाड़ा चेप्टर के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा की छिंदवाड़ा चेप्टर आप सभी छिंदवाड़ा के ऊर्जावान प्रतिष्ठित सम्मानियो के साथ सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रहा है आगे भी जन परिषद के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते रहेगा। आज जो शहर की अनेकों विभूतियों का जो सम्मान किया जा रहा है हमारे संस्था का सौभाग्य है। ये अवसर हमें मिला है आप सभी को बहुत बहुत बधाई।

कार्यक्रम में चेप्टर के पदाधिकारियों एवम जिले के समाजसेवियों को अतिथियो के हस्ते सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय जन परिषद की और से गोविंद चौरसिया, विनोद तिवारी एवम बजाज का स्मृति चिन्ह प्रदान कर राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव के हस्ते सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दुबई से आई अंतर्राष्ट्रीय मॉडल विद्या जोशी पटेल का शाल श्रीफल एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अखिलेश खंडेलवाल ने किया एवम आभार सचिव डॉक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी पदाधिकारी सूर्यकांत भुसारे, अक्षय सेंगर, अखिलेश खंडेलवाल, मनोज अग्रवाल, चंद्रकांत विश्वकर्मा सहित सम्मानित होने वाले समाजसेवियों में आराधना शुक्ला, अलका शुक्ला, मीरा पारड़कर, लता नागले, तृप्ति सिंह जनेवार, दीक्षा बिसेन, सपना सोनी, अर्चना माहोरे, चंदकांत भूसारे, मनीष तिवारी, डॉक्टर महेश बन्देवार, अशीष साहू, नंदू निर्मलकर, देवी सिंग चौरे, भावना बनारसे, निर्मला घई, डॉक्टर पवन नेमा, हर्षा बनोदे, रोहित रूसिया, सचिन वर्मा, डी.पी. मालवी, अरविंद गिरटकर, गेहर सिंह, नंदू निर्मलकर सहित अन्य समाजसर्वियो का सम्मान किया गया।